पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

——————

राजभवन में 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय भावना से ओत–प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

——————

लखनऊ विश्वविद्यालय, किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय और डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा दी गई मनमोहक प्रस्तुतियाँ

——————

कवि अपनी रचनाओं के माध्यम से कम शब्दों में गहरे विचार प्रकट कर सकते हैं
–राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल

——————

लखनऊ : 15 अगस्त, 2024

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में आज राजभवन में 78वें स्वतंत्रता दिवस की पावन बेला पर राष्ट्रीय भावना से ओत–प्रोत एक शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय, किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (के.जी.एम.यू.), लखनऊ और डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ के विद्यार्थियों, लखनऊ के साहित्यकारों तथा कवियों ने भाग लिया और अपनी अद्वितीय प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि कलाकारों ने हमारे देश की सांस्कृतिक धरोहर और स्वतंत्रता संग्राम की

भावना को न केवल जीवंत कर दिया है, बल्कि इस मंच के माध्यम से यह संदेश दिया है कि आने वाली पीढ़ियाँ हमारे इतिहास और मूल्यों को संजोए रखेंगी। यह सांस्कृतिक आयोजन केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि देशभक्ति की भावना को जागृत करने का एक सशक्त माध्यम है।

कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देने वाले कवियों की सराहना करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि कवि अपनी रचनाओं के माध्यम से कम शब्दों में गहरे विचार प्रकट कर सकते हैं। राज्यपाल जी ने ऐसे कार्यक्रम कराए जाने पर जोर देते हुए कहा कि कवि सम्मेलन जैसे कार्यक्रमों से मन की थकान दूर होती है और नई ऊर्जा प्राप्त होती है। साइंस के पढ़े विद्यार्थी अपनी बात कहने में अधिक समय लेते हैं, लेकिन कवि अपनी एक लाइन में ही बहुत कुछ कह जाते हैं।

राज्यपाल जी ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को स्मरण करते हुए करते हुए कहा कि आज का दिन हमें उनके बलिदान और संघर्षों की याद दिलाता है, जिनकी बदौलत हम स्वतंत्र और सशक्त भारत में जीवन जी रहे हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान, राजभवन गीत तथा भारत सरकार द्वारा लॉन्च किए गए हर घर तिरंगा गान से हुई, जिसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला शुरू हुई। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से देश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और स्वतंत्रता संग्राम के संघर्षों को प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ0 पंकज एल. जानी, राजभवन के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं अध्यासित गण तथा बच्चे उपस्थित रहे।

संपर्क सूत्र :-
कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी,
डॉ0 संगीता चौधरी, राजभवन
मो0रू 9161668080